Roll No. .... **Total Pages : 03**

GSE/D-21 **706**

हिन्दी (अनिवार्य)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6×2=12**

(क) भगति भजन हरि नांव है दूजा दुक्ख अपार ।
मनसा बाचा क्रमनां, कबीर सुमिरण सार ।।

(ख) धूतकहौ अवधूत कहौ, रजपूत कहौ जोलाहा कहौ कोऊ ।
काहू की बेटी सों बेटा न ब्याहब, काहूकी जाती बिगार न सोऊ ।।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहे कछु ओऊ ।
मागिंकै खैबो, मसीतको सोइबो, लैबो को एकु न दैबे को दोऊ ।।

(ग) एक सुतीरथ डोलत हैं इक बार हजार पुरानब के हैं ।
एक लगे जप में तप में इक सिद्ध समाधिन में अटके हैं ।।
चेत जु देखत हौ रसखान सु मूढ़ महा सिगरे भटके हैं ।
सांचहि वे जिन आपुनपौ यह स्याम गुपाल पै वारि छके हैं ।।

(घ) मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ ।
जा तन की झाईं परैं, स्यामु हरित-दुति होइ ।।
कौन भांति रहि है बिरदु अब देखिवी, मुरारि ।
बीधे मोसौं आइकै, गीधे गीध हिं तारि ।।

2. कबीरदास **अथवा** मीराबाई में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए । **8**

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए : **4×4=16**

(क) सूरदास की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) तुलसीदास को समन्वयवादी कवि कहना कहाँ तक उचित है ?

(ग) बिहारी ने अपने दोहों में 'गागर में सागर' भर दिया है । सिद्ध कीजिए ।

(घ) 'प्रेम के पीर' के कवि घनानंद के प्रेम चित्रण पर प्रकाश डालिए ।

(ङ) रसखान की भाषा-शैली की विवेचना कीजिए ।

(च) समाज सुधारक के रूप में कबीरदास के योगदान पर प्रकाश डालिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8×2=16**

(क) हिंदी साहित्य के आदिकाल की सभी परिस्थितियों का सविस्तार वर्णन कीजिए ।

(ख) वीरगाथा काल के काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) रासो काव्य की परंपरा का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

(घ) हिंदी साहित्य के काल विभाजन पर विचार कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×2=10**

(क) विदेशी विद्वानों द्वारा लिखे गए इतिहास ग्रंथों की सामान्य विशेषताएँ बताइए ।

(ख) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने आदिकाल को क्या नाम दिया है ? क्या वह नाम सार्थक/सटीक है ? इस पर अपने विचार रखिए ।

(ग) आदिकालीन सिद्ध काव्यधारा का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(घ) 'पृथ्वीराज रासो' का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×2=10**

(क) रस के अंगों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) रूपक अलंकार को परिभाषित करते हुए, उसे उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ग) काव्यगुण किसे कहते हैं ? इसके विभिन्न भेदों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए ।

(घ) दोहा को परिभाषित करते हुए, उसका उदाहरण सहित वर्णन कीजिए ।

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×8=8**

(क) कबीरदास के गुरु का क्या नाम है ?

(ख) तुलसीदास का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(ग) मीराबाई की भक्ति किस भाव की भक्ति थी ?

(घ) सर जॉर्ज ग्रियर्सन के इतिहास ग्रंथ का क्या नाम है ?

(ङ) राहुल सांकृत्यायन के अनुसार हिंदी का पहला कवि कौनसा है ?

(च) अमीर खुसरो का मूल नाम क्या था ?

(छ) आचार्य वामन काव्य की आत्मा किसे मानते हैं ?

(ज) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है ?